सड़क हादसे में पुत्र की मौत, पिता गंभीर

कुंदवार पुलिस चौकी क्षेत्र के लोहरा तिराहा की घटना, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 जून। जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी कुंदवार के लोहरा तिराहा के पास आज बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार लोहरा निवासी छत्रपति सिंह अपने पिता दल प्रताप सिंह के साथ बाइक क्रमांक एमपी 66 एमएच 1980 से जा रहे थे। इसी दौरान लोहरा तिराहा के समीप हाइवा क्रमांक यूपी 63 एटी 5822 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण था कि छत्रपति सिंह ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। घायल दल प्रताप सिंह को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस सड़क हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह एवं जियावन थाना प्रभारी शेषनारायण द्विवेदी, कुंदवार चौकी प्रभारी रामजी त्रिपाठी समेत भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पहुंच लोगों से बातचीत कर आवागमन बहाल कराया।

घायल का जिला चिकित्सालय में चल रहा इलाज

कुंदवार पुलिस चौकी के लोहरा तिराहा पर हाइवा वाहन के टक्कर से घायल दल प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष का जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि हाइवा वाहन चालक काफी तेज गति से चला रहा था। वह रेता लोड करने जा रहा था। अनियंत्रित गति के कारण यह हादसा हुआ है। वहीं उसके परिजनों ने हाइवा चालक पर नशे में धुत्त होने का आरोप लगाया। हालांकि घटना के बाद चालक भाग खड़ा हुआ।

12 घंटे में दो हादसे, दोनों की गईं जानें

मंगलवार की शाम के वक्त यात्री बस के टक्कर से बरगवां थाना के समीप पीछे रक्षा साकेत उम्र 10 वर्ष की मौत हो गई थी। आज बुधवार की सुबह कुंदवार चौकी के लोहरा तिराहा पर हुए सड़क हादसे में बालक की मौत हो गई। इस घटना के बाद दोनों घर के चिराग बूझ गये। जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसे को लेकर प्रबुद्धजन तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं और कहा जा रहा है कि कोल, रेत, गिट्टी व भस्सी परिवहन करने वाले वाहन चालको का लगातार जांच होना चाहिए।

रेण नदी में अवैध रेत का खेल

पुलिस की भूमिका पर उठ रहे गंभीर सवाल, रेत माफिया बेखौफ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 जून। कोतवाली बैढ़न क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलियरी स्थित रेण नदी में कथित तौर पर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।

स्थानीय लोगों और सूत्रों का दावा है कि नदी से प्रतिदिन भारी मात्रा करीब आधा सैकड़ा ट्रैक्टरों से रेत निकाली जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। इस स्थिति ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार रेण नदी में चार दर्जन से अधिक ट्रैक्टर अवैध रेत के परिवहन में लगे हुए हैं। आरोप है कि रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक नदी घाटों पर रेत निकासी का सिलसिला जारी रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रॉलियां रेत लेकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही हैं, जिससे शासन को राजस्व हानि होने के साथ-साथ पर्यावरणीय नुकसान भी हो रहा है।

ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि अवैध रेत कारोबार बिना संरक्षण के संभव नहीं है। कई लोगों ने आरोप लगाया है कि अवैध परिवहन करने वाले वाहनों से नियमित वसूली की जाती है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार उठ रहे सवालों ने पुलिस की भूमिका को कटघरे में खड़ा कर दिया है। लोगों का कहना

पुलिस के संरक्षण में रेत का खेल जारी

बताया जा रहा है कि अवैध रूप से निकाली गई रेत का बड़े पैमाने पर भंडारण भी किया जा रहा है, ताकि बरसात के मौसम में ऊंचे दामों पर बिक्री की जा सके। वहीं नदी में लगातार हो रहे उत्खनन से तटों के कटाव और पर्यावरणीय असंतुलन का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर और एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध उत्खनन, परिवहन और कथित संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो अवैध खनन का यह नेटवर्क और अधिक मजबूत हो सकता है।

एक नजर में

झिंगुरदह में बिना टैक्स दौड़ रहे 6 वाहन जब्त

सिंगरौली। जिले में परिवहन विभाग ने नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के नेतृत्व में मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत झिंगुरदह में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें बिना टैक्स जमा किए सड़कों पर दौड़ रहे हाईवा सहित 6 वाहनों को जप्त किया गया। इस कार्रवाई से अवैध रूप से वाहन संचालन करने वालों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक वाहनों की गहन जांच की गई। जांच में हाइवा सहित 6 वाहन ऐसे पाए गए जो न केवल टैक्स नियमों का उल्लंघन कर रहे थे, बल्कि दस्तावेजों में भी अनियमितताएं सामने आईं। अधिकारियों ने मौके पर ही सख्त कार्रवाई करते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों को जप्त कर लिया। इस कार्रवाई में व्योम तिवारी सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जप्त किए गए सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से मोरवा थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।

जिपं सभागार में तेजस कार्यशाला आयोजित

सिंगरौली। स्टार्टअप इंडिया एवं डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एण्ड इंटरनल ट्रेड के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में तेजस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं, नवाचारकर्ताओं एवं उभरते उद्यमियों को स्टार्टअप से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप की अवधारणा, पंजीयन प्रक्रिया, व्यवसाय प्रारंभ करने के विभिन्न चरणों, नवाचार आधारित उद्यमों की संभावनाओं तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

ट्रैक्टर की टक्कर से युवक एवं युवती घायल

देवसर। थाना जियावन क्षेत्र के ग्राम खड़ौरा में हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार शिवम शुक्ला उम्र 19 वर्ष एवं नीतू पांडेय उम्र 21 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार से जा रहे एक बिना नंबर के सोनालिका ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय नागरिकों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सिंगरौली ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना में शिवम शुक्ला के हाथ और कान में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि नीतू पांडेय के पैर में फ्रैक्चर होने के साथ हाथ और चेहरे पर भी चोटें पहुंची हैं।

कुत्ते ने दौड़ाया, कुएं में गिरा बालक

सिंगरौली। बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धड़सड़ा में एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय बालक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवा बसोर उम्र 14 वर्ष पिता मोतीलाल बसोर अपने दो साथियों के साथ गांव की एक किराना दुकान से बिस्कुट खरीदकर लौट रहा था। इसी दौरान एक कुत्ता उनके पीछे भौंकने लगा। तीनों बच्चे कुत्ते को कुत्ता ने दौड़ा लिया, डर कर भागने लगे। अंधेरा होने के कारण उन्हें रास्ते में स्थित जगजीवन लाल साहू के बिना जगत वाले खुले कुएं का पता नहीं चला और शिवा बसोर उसमें गिर गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

अवैध रेत खदान में राजस्व विभाग की दबिश

सिंगरौली। कोनी रेत खदान में बीती रात राजस्व विभाग की टीम ने दबिश देतु ये एक आईसर ट्रैक्टर को अवैध रेत के साथ जप्त किया है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नही हो पाई। बताया जाता है कि मंगलवार की रात करीब 1 बजे राजस्व टीम ने औचक कोनी पहुंच घेराबंदी करते हुये रेत से भरे एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है। चर्चा है कि सरई का रेत कारोबारियों पर पुलिस का संरक्षण है।



अदाणी समूह के 1 हजार कर्मियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

अदाणी समूह के चेयरमैन के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सरई 24 जून। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज एवं अदाणी पावर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत 1050 यूनिट रिकॉर्ड रक्तदान कर सामाजिक सन्देश दिया है।

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना है। सरई तहसील के झलरी गांव स्थित एमएफए बिल्डिंग एवं गोंडबहेरा उज्जैनी में अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मेडिकल की टीम में शामिल डॉ. एनके जैन, हरिशंकर गुप्ता, प्रियंका दुबे एवं निभा द्विवेदी के नेतृत्व में अदाणी समूह के कर्मचारियों एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग से 150 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। जबकि बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अस्पताल सीधी एवं जिला चिकित्सालय, सीधी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय रक्तदान शिविर में प्रोजेक्ट, ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 900 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की ओर से विनोद सिंह, राधा रमण रॉय सहित अनेक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। वहीं बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड की ओर से चीफ बिजनेस ऑफिसर वी. भानु प्रकाश राव प्रसाद, प्रोजेक्ट हेड सजल चटर्जी एवं अन्य ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : रामनिवास

बैढ़न-1 समूह जल प्रदाय योजना की प्रगति की विधायक ने की समीक्षा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 जून। सदर विधायक रामनिवास शाह ने बैढ़न-1 समूह जल प्रदाय योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

जल निगम के अधिकारियों एवं कार्यकारी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति और आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने विधायक को बताया कि बैढ़न-1 समूह जल प्रदाय योजना का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। योजना के तहत आगामी एक माह के भीतर 16 ग्रामों में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर विधायक ने कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। विधायक ने कहा कि हर घर तक सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण कर अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सिंगरौली के प्रत्येक घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और क्षेत्र के समग्र विकास को गति देना उनका संकल्प है। जलापूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

कलेक्टर ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

सिंगरौली 24 जून (एनबीएन)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीव्ही निगरानी, सीलिंग व्यवस्था तथा अभिलेखों का गहन परीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने वेयरहाउस में निर्धारित प्रक्रिया के तहत विधिवत प्रवेश कर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

बैढ़न बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय में बंद पड़े पंखे

बार-बार मरम्मत के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था, निगमायुक्त से समाधान की मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 जून। नपानि के अंतरराज्यीय बस स्टैंड बैढ़न स्थित यात्री प्रतीक्षालय में लगे अधिकांश पंखे बंद पड़े होने से यात्रियों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गर्मी के इस मौसम में जहां बसों के इंतजार में लोगों को घंटों बैठना पड़ता है, वहीं प्रतीक्षालय में पर्याप्त वेंटिलेशन और पंखों की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और अधिक असुविधाजनक हो गई है। यात्रियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। मार्च माह से ही प्रतीक्षालय के पंखे लगातार खराब होते रहे हैं। बीच-बीच में उनकी मरम्मत तो कराई गई, लेकिन तकनीकी खामियों को स्थायी रूप से दूर नहीं किए जाने के कारण पंखे कुछ ही दिनों में फिर बंद हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने ननि प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि प्रतीक्षालय में लगे सभी पंखों की गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराई जाए अथवा आवश्यकता अनुसार नए पंखे लगाए जाएं, ताकि यात्रियों को गर्मी से राहत मिल सके।

नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया दस्तयाब

सिंगरौली 24 जून (एनबीएन)। नवानगर थाना क्षेत्र से लापता एक 16 वर्षीय लड़की को पुलिस ने बैढ़न के पचखोरा से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी नवानगर निरीक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल व पुलिस टीम के अनुसार थाना नवानगर के धारा 137(2)बीएनएस में अपहृत बालिका सोनाली (परिवर्तित नाम) उम्र 16 वर्ष माह की पता तलास के लिए टीम गठित कर पता तलास किया गया। जो नवानगर पुलिस टीम को अपहृत बालिका सोनाली उम्र 16 वर्ष को ग्राम पचखोरा थाना बैढ़न से दस्तयाब किया गया।

डीएमएफ फंड को लेकर आप के नेता ने खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 जून। आप के प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सिंगरौली को ज्ञापन सौंपकर जिले के जिला खनिज प्रतिष्ठान फंड के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं।



ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान जिले के हिस्से की लगभग 1000 करोड़ की राशि विभिन्न अन्य जिलों में स्थानांतरित की गई, जबकि डीएमएफ निधि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और जनकल्याण के लिए किया जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया है कि सिंगरौली प्रदेश एवं देश के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला खनन क्षेत्र है, जहां की जनता प्रदूषण, विस्थापन, सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य समस्याओं का सामना कर रही है।

ऐसे में डीएमएफ निधि का प्राथमिक उपयोग स्थानीय स्तर पर पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के विकास के लिए किया जाना आवश्यक है। वहीं आप ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक एवं लिखित कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई तो जिला मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

जगदम्बा सरस्वती की 61वीं पुण्य तिथि आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 24 जून। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदम्बा सरस्वती की 61वीं पुण्य स्मृति दिवस आज विंध्यनगर स्थित तपोवन काम्प्लेक्स में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ में संस्थान की सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शोभा बहन ने जगदम्बा माँ के संस्मरण सभी को सुनाये। तत्पश्चात सभी ने जगदम्बा सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भोपाल से आये ब्रह्माकुमार दीपेन ने जगदम्बा माँ के त्याग, तपस्या और ईश्वरीय सेवाओं को याद करते हुए कहा कि मम्मा ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि नारी शक्ति, पवित्रता और सादगी के बल पर विश्व परिवर्तन का आधार बन सकती है। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही हम एक मूल्यनिष्ठ समाज की स्थापना कर सकते हैं।

फर्जी रिपोर्ट वापस लेने बजरंगियों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 जून। बजरंग दल सिंगरौली ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कुछ व्यक्तियों पर झूठी शिकायत दर्ज कराने और सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बजरंग दल के कार्यकर्ता शिवम शर्मा एवं अन्य सदस्यों के विरुद्ध धार्मिक भावनाएं आहत करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी जो शिकायत थाना बैढ़न में दर्ज कराई गई है, वह पूरी तरह निराधार और तथ्यों से परे है। ज्ञापन में दावा किया गया है कि बसंत बिहार कॉलोनी स्थित शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण की सूचना मिलने पर स्थानीय रहवासियों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। प्रशासन द्वारा जांच के बाद संबंधित स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बजरंग दल का आरोप है कि इसी कार्रवाई से नाराज होकर कुछ लोगों ने संगठन और उसके कार्यकर्ताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित की तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

एसडीओ को मिला जपं सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

देवसर 24 जून (एनबीएन)। जपं देवसर में सीईओ के पद पर प्रशासनिक बदलाव के बाद बुधवार को एसडीओ सूरज मिश्रा ने अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया। जारी आदेश के तहत स्थानांतरित सीईओ संजीव तिवारी को जिपं सीईओ ने भारमुक्त कर दिया। आदेश जारी होने के बाद जपं देवसर सीईओ पद का अतिरिक्त प्रभार आरईएस के सहायक यंत्री सूरज मिश्रा ने आज जपं दफ्तर पहुंच पदभार ग्रहण कर लिया है।

शेष पाइप लाइन एवं सीवर कनेक्शन कार्य में लाएं तेजी : सविता

ननि आयुक्त ने किया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण, एक माह में तीनों एसटीपी चालू करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 जून। शहर की स्वच्छता एवं बेहतर सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अमृत-1 योजना के अंतर्गत चल रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्यों की प्रगति का ननि आयुक्त सविता प्रधान ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जिला पंचायत सिंगरौली के समीप निर्माणाधीन एसटीपी व विंध्यनगर स्थित एसटीपी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अमृत-1 योजना के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे तीनों सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कुल क्षमता 31 एमएलडी है। जोन-1 हिर्रवाह स्थित एसटीपी में इलेक्ट्रिकल कार्य शेष है, जोन-2 जिपं के पास स्थित एसटीपी का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा जोन-3 विंध्यनगर स्थित एसटीपी में भी केवल इलेक्ट्रिकल कार्य शेष है। आयुक्त ने शेष पाइपलाइन कार्य एवं सीवर कनेक्शन कार्य में तेजी लाने के निर्देशित किया। उन्होंने संविदाकार को प्रतिदिन अधिक से अधिक सीवर कनेक्शन पूर्ण करने एवं एक माह के भीतर तीनों एसटीपी को चालू करने के निर्देश दिए।